# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बीदासर (चूरू)

**पीठासीन अधिकारी–अमीलाल यादव, आर.ए.एस.**

नं.मु. – 93/25 **निर्णय दिनांक** – 30-4-26

1. जगदीश चन्द्र प्रजापति पुत्र गोवर्धन राम प्रजापति जाति कुम्हार (प्रजापति) आयु 53 वर्ष निवासी ढाणी कुम्हारान तहसील बीदासर जिला चूरू राज.

वादी

बनाम

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार महोदय, बीदासर
2. चम्पालाल पुत्र गोरधनप्रसाद उर्फ गोरधनराम उर्फ गोवर्धनराम जाति कुम्हार (प्रजापति) निवासी ढाणी कुम्हारान तहसील बीदासर जिला चूरू राज.

प्रतिवादीगण

**दावा घोषणात्मक एवं रिकार्ड दुरस्ती**

उपस्थित :– 1. श्री ज्ञानाराम चौधरी एडवोकेट– वकील वादी
2 पैरोकार राज प्रतिवादी संख्या 1

## निर्णय

वादी द्वारा प्रस्तुत वाद पत्र के संक्षिप्त तथ्य निम्न प्रकार से हैः–

**रोही ढढेरू भाम्भूवान** मे खाता संख्या नया 121 खसरा संख्या 735 तादादी 2.0993 हैक्टेयर व **रोही ढढेरू भाम्भूवान** मे खाता संख्या नया 120 खसरा संख्या 736 तादादी 1.9096 हैक्टेयर भूमि वादी के नाम संयुक्त खातेदारी में दर्ज है। जिसमे वादी के नाम 1/2 हिस्सा भूमि राजस्व रिकार्ड मे दर्ज है। **रोही चकदड़ीबा** मे खाता संख्या नया 58 खसरा संख्या 85 तादादी 1.3658 हैक्टेयर भूमि व **रोही चकदडीबा** मे खाता संख्या नया 40 खसरा संख्या 73 तादादी 1.9476 हैक्टेयर भूमि वादी के नाम संयुक्त खातेदारी में दर्ज है। जिसमे वादी के नाम 1/2 हिस्सा भूमि राजस्व रिकार्ड मे दर्ज है। व **रोही कालेरा की**

लगातार 2 पर .................

उपखण्ड अधिकारी
बीदासर (चूरू)

ढाणी मे खाता संख्या नया 92 खसरा संख्या 1981/1417 हैक्टेयर भूमि वादी के नाम एकल खातेदारी मे दर्ज है। तथा रोही ढाणी कुम्हारान मे खाता संख्या नया 35 खसरा संख्या 262/52 तादादी 2.0234 हैक्टैयर भूमि वादी के नाम संयुक्त खातेदारी मे दर्ज है। जिसमे वादी के नाम 1/2 हिस्सा भूमि राजस्व रिकार्ड मे दर्ज है। जिसका वादी खातेदार कब्जा काश्तकार है। उपरोक्त रोही ढढेरू भाम्भूवान के खाता संख्या 121 खसरा संख्या 735 की जमाबंदी में वादी का नाम जगदीशप्रसाद पुत्र गोरधनप्रसाद, रोही ढढेरू भाम्भूवान के खाता संख्या 120 खसरा संख्या 736 की जमाबंदी में वादी का नाम जगदीशप्रसाद पुत्र गोरधनराम, रोही चकदडीबा के खाता संख्या 58 खसरा संख्या 85 की जमाबंदी में वादी का नाम जगदीशप्रसाद पुत्र गोरधनराम व रोही चकदडीबा के खाता संख्या 40 खसरा संख्या 73 की जमाबंदी मे वादी का नाम जगदीशप्रसाद पुत्र गोवर्धनराम व रोही कालेरा की ढाणी के खाता संख्या 92 खसरा संख्या 1981/1417 की जमाबंदी मे वादी का नाम जगदीश प्रसाद पुत्र गोवर्धन राम, रोही ढाणी कुम्हारान के खाता संख्या 35 खसरा संख्या 262/52 की जमाबंदी मे वादी का नाम जगदीशप्रसाद पुत्र गोरधनराम अंकित है। जबकि वादी के नाम से बने पहचान दस्तावेज आधार कार्ड नंबर 9320 8524 4430 व पेन कार्ड संख्या AAOPP1349K में वादी का नाम जगदीश चन्द्र प्रजापति पुत्र गोवर्धन राम प्रजापति अंकित है। वादी व उसके पिता का सही नाम जगदीश चन्द्र प्रजापति पुत्र गोवर्धन राम प्रजापति है जबकि उपरोक्त कृषि भूमि की जमाबंदी मे वादी का नाम जगदीशप्रसाद तथा पिता के अलग अलग नाम गोरधनप्रसाद, गोरधनराम व गोवर्धनराम अंकित है जो सहवन भूल से अंकित किये गये है। जगदीश प्रसाद व जगदीश चन्द्र प्रजापति दोनो नाम वादी के ही है तथा दोनो नामो का एक ही व्यक्ति वादी ही है। इसी प्रकार जमाबंदी मे अंकित गोरधनप्रसाद, गोरधनराम व गोवर्धनराम तीनो नाम तथा वादी के पहचान दस्तावेज मे अंकित नाम गोवर्धन राम प्रजापति एक ही व्यक्ति वादी के पिता के ही नाम है। जमाबंदी व पहचान दस्तावेजों मे वादी के नामों की भिन्नता के कारण वादी को अपनी उपरोक्त कृषि भूमि पर सरकारी योजनाओ का लाभ नही मिल पा रहा है तथा न ही वादी की उपरोक्त कृषि भूमि पर फार्मर आई.डी. बन पा रही है तथा न ही किसान सम्मान निधि योजना की राशि प्राप्त हो रही है। वादी ने अपने पहचान दस्तावेजो आधार

लगातार 3 पर ................

अधिवक्ता
बीकानेर (पूर्व)

कार्ड, पेनकार्ड में अंकितानुसार नाम उपरोक्त कृषि भूमि मे दर्ज करवाने के लिये प्रतिवादी संख्या 01 तहसीलदार महोदय बीदासर से दिनांक 06.06.2025 को अंतिम बार निवेदन किया परन्तु तहसीलदार महोदय ने ऐसा करने से मना कर दिया। यही वाद का कारण है। वादगत कृषि भूमि रोही ढढेरू भाम्भूवान, चकदडीबा, कालेरा की ढाणी व ढाणी कुम्हारान मे स्थित है। इसलिये न्यायालय को श्रवणाधिकार व क्षेत्राधिकार प्राप्त है। वाद निर्धारित न्याय शुल्क दो प्रतियो मे प्रस्तुत कर निवेदन किया कि **रोही ढढेरू भाम्भूवान** के खाता संख्या 121 खसरा संख्या 735 की जमाबंदी में वादी का नाम जगदीशप्रसाद पुत्र गोरधनप्रसाद के स्थान पर जगदीश चन्द्र प्रजापति पुत्र गोवर्धन राम प्रजापति, **रोही ढढेरू भाम्भूवान** के खाता संख्या 120 खसरा संख्या 736 की जमाबंदी में वादी का नाम जगदीशप्रसाद पुत्र गोरधनराम के स्थान पर जगदीश चन्द्र प्रजापति पुत्र गोवर्धन राम प्रजापति, **रोही चकदडीबा** के खाता संख्या 58 खसरा संख्या 85 की जमाबंदी में वादी का नाम जगदीशप्रसाद पुत्र गोरधनराम के स्थान पर जगदीश चन्द्र प्रजापति पुत्र गोवर्धन राम प्रजापति, **रोही चकदडीबा** के खाता संख्या 40 खसरा संख्या 73 की जमाबंदी मे वादी का नाम जगदीशप्रसाद पुत्र गोवर्धनराम के स्थान पर जगदीश चन्द्र प्रजापति पुत्र गोवर्धन राम प्रजापति, **रोही कालेरा की ढाणी** के खाता संख्या 92 खसरा संख्या 1981/1417 की जमाबंदी मे वादी का नाम जगदीश प्रसाद पुत्र गोवर्धनराम के स्थान पर जगदीश चन्द्र प्रजापति पुत्र गोवर्धन राम प्रजापति तथा **रोही ढाणी कुम्हारान** के खाता संख्या 35 खसरा संख्या 262/52 की जमाबंदी मे वादी का नाम जगदीशप्रसाद पुत्र गोरधनराम के स्थान पर जगदीश चन्द्र प्रजापति पुत्र गोवर्धन राम प्रजापति दर्ज किया जावे।

वाद प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरीये सम्मन तलब किया गया। प्रतिवादी संख्या 02 बावजूद सूचना न्यायालय मे अनुपस्थित रहने पर उनके खिलाफ एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई। प्रतिवादी संख्या 1 ने अपने जबाब मे कोई राजहित नही होना जाहिर किया। वादी ने दावे के समर्थन मे शपथ पत्र पेश किया। जिंसमे दावा मे अंकित तथ्यो को सही होना बताया गया। वकील वादी की बहस सुनी गयी। संपूर्ण पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण

लगातार 4 पर ..........

उपखण्ड अधिकारी
बीदासर (चूरू)

राजस्व रिकार्ड मे दुरूस्ती का है। वादी द्वारा प्रस्तुत आधार कार्ड व पैन कार्ड आदि मे वादी व उसके पिता का नाम जगदीश चन्द्र प्रजापति पुत्र गोवर्धन राम प्रजापति अंकित है जबकि राजस्व रिकार्ड मे वादी का नाम जगदीश प्रसाद व जगदीश चन्द्र प्रजापति व उसके पिता का नाम गोरधनप्रसाद, गोरधनराम व गोवर्धनराम अंकित है। जिसको वादी के अन्य दस्तावेजो के आधार पर नाम शुद्ध किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है।

## —:आदेश:—

उपरोक्त तथ्यो के विवेचन के आधार पर **रोही ढढेरू भाम्भूवान** के खाता संख्या 121 खसरा संख्या 735 की जमाबंदी में वादी का नाम जगदीशप्रसाद पुत्र गोरधनप्रसाद के स्थान पर जगदीश चन्द्र प्रजापति पुत्र गोवर्धन राम प्रजापति, **रोही ढढेरू भाम्भूवान** के खाता संख्या 120 खसरा संख्या 736 की जमाबंदी में वादी का नाम जगदीशप्रसाद पुत्र गोरधनराम के स्थान पर जगदीश चन्द्र प्रजापति पुत्र गोवर्धन राम प्रजापति, **रोही चकदडीबा** के खाता संख्या 58 खसरा संख्या 85 की जमाबंदी में वादी का नाम जगदीशप्रसाद पुत्र गोरधनराम के स्थान पर जगदीश चन्द्र प्रजापति पुत्र गोवर्धन राम प्रजापति, **रोही चकदडीबा** के खाता संख्या 40 खसरा संख्या 73 की जमाबंदी मे वादी का नाम जगदीशप्रसाद पुत्र गोवर्धनराम के स्थान पर जगदीश चन्द्र प्रजापति पुत्र गोवर्धन राम प्रजापति, **रोही कालेरा की ढाणी** के खाता संख्या 92 खसरा संख्या 1981/1417 की जमाबंदी मे वादी का नाम जगदीश प्रसाद पुत्र गोवर्धनराम के स्थान पर जगदीश चन्द्र प्रजापति पुत्र गोवर्धन राम प्रजापति तथा **रोही ढाणी कुम्हारान** के खाता संख्या 35 खसरा संख्या 262/52 की जमाबंदी मे वादी का नाम जगदीशप्रसाद पुत्र गोरधनराम के स्थान पर जगदीश चन्द्र प्रजापति पुत्र गोवर्धन राम प्रजापति दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। पालनार्थ हेतु तहसीलदार बीदासर को लिखा जावे।

निर्णय आज दिनांक 30/4/26 को न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
बीदासर